# Unit no. 46 & 47

## B.A. IInd year : English.

## Unit - 46 : Reported Speech to 47

### Direct and Indirect Speech:

इस पाठ में हम बहुत ही महत्वपूर्ण topic को पढ़ेंगे जिसका नाम है Indirect Speech (अप्रत्यक्ष कथन)

**Rules:** "किसी के द्वारा कहे गये शब्दों या बातों को हम दूसरे व्यक्ति को दो तरीकों से बता सकते हैं। पहला तरीका ये कि हम कहे गये शब्दों या बातों को दूसरे व्यक्ति को ज्यों का त्यों ही बता दें।

और दूसरा तरीका ये कि कही गयी बात को हम अपने शब्दों के माध्यम से उसके द्वारा कहे गये अर्थ में स्पष्ट करें, अर्थात शब्द भिन्न हो सकते हैं। परंतु शब्दों का अर्थ बिल्कुल भी नहीं बदलना चाहिये।

* अर्थात दूसरे शब्दों में कहे गये शब्दों को अपने शब्दों में कहें परंतु शब्दों का अर्थ बिल्कुल भी बदलना नहीं चाहिये, यही शब्द तथा वाक्य अप्रत्यक्ष कथन Indirect Speech कहलाते हैं।

**Example:** He said, "I am going to cinema now"

* उपरोक्त उदाहरण प्रत्यक्ष कथन Direct Speech है।
* Direct Speech (प्रत्यक्ष कथन) की पहचान comma, और Inverted comma वाले निशानों को देखकर स्पष्ट रूप से की जाती है।
* He said that he was going to cinema then.
* यह वाक्य उपरोक्त direct speech वाले वाक्य को Indirect speech वाले वाक्य में परिवर्तित करके प्राप्त हुआ है।

**Rule no. 1:** Indirect Speech में जब वाक्य परिवर्तित किया जायेगा तो comma और Inverted commas को पूर्ण रूप से हटा दिया जायेगा।

P.T.O.

Rule no. 2

* Direct speech के दो भागों को आपस में जोड़ने के लिये Indirect speech वाले वाक्य में किन्हीं शब्दों का प्रयोग करना पड़ सकता है।
उदाहरण में आप देख सकते हैं कि Indirect वाले वाक्य में that का प्रयोग किया गया है।
* He said that he was going to cinema then.

* Rule no. 03 :-
Indirect speech के वाक्यों को बनाते समय सर्वनाम बदलना पड़ सकता है।
उदा० में आप देख सकते हैं। कि (I को he में बदला गया)
(direct speech) * He said, "I am going to cinema now"
(Indirect speech) * He said that he was going to cinema then.

* Rule no. 04 :-
Indirect speech के वाक्यों को बनाते समय काल (Tense) को भी बदलना पड़ सकता है। जैसा उदाहरण में आप देख सकते हैं Present contineous tense को Past contineous tense में बदला गया है
(direct speech) : * He said, "I am going to cinema now"
(Indirect speech) * He said that he was going to cinema then.

* Rule no. 5 :-
Indirect speech के वाक्यों को बनाते समय काल या समय को दर्शाने वाले शब्दों और सहायक क्रियाओं (helping verbs) को बदलना पड़ सकता है।
उदा० में आप देख सकते हैं कि (now को then में बदला गया है)
(direct speech) : * He said." I am going to cinema now"
(Indirect speech) * He said that he was going to cinema then

* Indirect speech बनाते समय कुछ terms का use किया जाता है जो कि निम्न प्रकार से हैं

(i) Reporting verb :- Inverted commas के बाहर जो sentence या वाक्य होता है, उसकी क्रिया verb को Reporting verb कहते हैं

* He said, "I am going to cinema now."

इस वाक्य में said reporting verb है।

(ii) Reporting speech :- Inverted commas के अंदर जो sentence रहता है उसे reporting या reported speech कहा जाता है

* He said, "I am going to cinema now."

इस वाक्य में "I am going to cinema now" reported speech है

(iii) Verb of reported speech :- Reporting / reported speech में प्रयोग होने वाला verb ही verb of reported speech कहलाता है

* He said, "I am going to cinema now."

इस वाक्य में going, verb of reported speech है

## * Some other general Rules *

(कुछ अन्य सामान्य नियम)

(1) Change of person :- Direct speech को Indirect speech में बदलने के लिये reported speech में उपयोग किये गये सर्वनाम को (Pronoun) निम्नलिखित प्रकार से बदलते हैं

(i) Ist person को reporting verb के subject के अनुसार

(ii) Second person को reporting verb के object के अनुसार

(iii) IIIrd person को reporting verb में कोई भी बदलाव नहीं किया जायेगा।

(ii) – Change of tense: यदि direct speech को indirect speech में बदलते समय reporting verb में present tense (वर्तमान काल) या future tense (भविष्य काल) हो तो reported speech के tense में कोई भी बदलाव नहीं होता है। सिर्फ आवश्यकता के हिसाब से pronoun को बदला जाता है
लेकिन यदि reporting verb past tense (भूतकाल) में हो तो reported speech के tense को निम्न लिखित प्रकार से बदला जायेगा।

| Direct Speech | Indirect speech |
|---|---|
| (i) Simple Present | Simple Past |
| (ii) Present perfect | Past Perfect |
| (iii) Present Perfect contineous | Past perfect contineous |
| (iv) Past simple | Past perfect |
| (v) Past perfect | No change |
| (vi) Past Perfect contineous | No change |
| (vii) Present Imperfect | Past Imperfect |
| (viii) Past Imperfect | Past perfect contineous |

* और यदि reporting verb, Past tense में हो तो reported speech में उपयोग होने वाला models और helping verb को निम्नलिखित प्रकार से change किया जाता है

| Direct Speech | Indirect Speech |
| --- | --- |
| (i) Shall | Should. |
| (ii) Will | Would. |
| (iii) Can | Could. |
| (iv) May | Might |
| (v) Is/Am/Are | Was/Were |
| (vi) Have/Has | Had. |
| (vii) Was/Were | Had been. |
| (viii) Could/Should | No change |
| (ix) Would/Might | No change |
| (x) Had to + verb Ist form | Had had to + verb Ist form. |

(iii) Change of other parts of speech:

Direct speech को Indirect speech में बदलते समय Reporting verb यदि Past tense में हो तो Reported speech में उपयोग होने वाला 'निकटता सूचक शब्द', दूरी सूचक शब्द, समय को दर्शाने वाले शब्द को ~~निम्नल~~ निम्नलिखित प्रकार से change किया जाता है।

| Direct speech | Indirect speech |
| --- | --- |
| 1 → This | That |
| 2 → These | Those |
| 3 → Here | There |
| 4 → Hence | Thence |
| 5 → Now | Then |
| 6 → Thus | So |
| 7 → Today | That day |
| 8 → Yesterday | The prerious day / day bef |
| 9 → Tomorrow | The nex day / The fallowing day |
| 10 → Tonight | That night |
| 11 → This day | That day |
| 12 → The day after tomorrow | In two days, Time. |
| 13 → Last week | The prerious week / week before |
| 14 → Last month | The prerious month / the month before. |
| 15 → Last year | The prerious year / The year before |
| 16 → Last night | The prerious night / the night before. |
| 17 → Last day | The prerious day / The day before |
| 18 → Next week | The fallowing week |
| 19 → Next month | The fallowing month |
| 20 → Next year | The fallowing year |
| 21 → Next night | The fallowing night. |
| 22 → Next day | The fallowing day |
| 23 → A year ago | A year before. |

# * Some special Rules *

(कुछ विशेष नियम)

(1) Assertive Sentence: (कथनवाचक वाक्य)

(A) Reporting verb in present tense and future tense

1. यदि Reporting verb, Present tense या future tense में हो, तब Reported speech के tense में कोई बदलाव नहीं आता।

2. जब inverted commas ("....") के अंदर assertive sentence रहता है तब indirect speech में inverted commas के बजाय 'That' का प्रयोग किया जाता है

3. जब reporting verb, say/says/said रहे और इसके बाद object रहता है तो indirect speech में इसे बदलते समय tell/tells/told में change किया जाता है और अगर object ना रहे तो कोई बदलाव नहीं होता है

4. यदि reported speech में कोई वाक्य Universal truth, General truth, Natural Law, प्राकृतिक नियम वाले या सर्वविदित, सार्वभौमिक सत्यों से संबंधित हो तो Tense में कोई भी बदलाव नहीं होता है।

* Reporting verb in present tense and future tense के उदाहरण:

* शिवम कहता है। मैं बहुत खुश हूँ। (वर्तमान काल) (Present)

[1] Shivam says, "I am very happy" (Direct speech)
Shivam says that he is very happy (Indirect speech)

* वे लोग कहेंगे कि - मैं अच्छा लड़का हूँ। (भविष्य, future tense)

[2] They will say, "I am a good boy (Direct speech)
They will say that he is a good boy (Indirect speech)

(3) → Reporting verb in Past tense के उदाहरण *

[1] → * सोनम ने कहा कि मैं दुःखी हूँ। *
Sonam said, " I am sad" (Direct speech)
Sonam said that she was sad (Indirect speech)

[2] → * शुभम ने मुझसे कहा कि, " मैं स्कूल जा रहा था।"
Shubham said to me, " I was going to school today" (Direct speech)
Shubham told me that he had been going to school that day. (Indirect speech)

[3] → * स्नेहा ने प्रियंका से कहा मैं अगले सप्ताह मुम्बई जाऊँगी *
Sneha said to Priyanka, " I shall go to mumbai next week" [Direct speech]
Sneha told Priyanka that she would go to Mumbai the following week [Indirect speech]

(2) → * Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य) के Rules

(1) → Reporting verb में say के स्थान पर ask, enquire, want to know या wonder में परिवर्तित किया जाता है लेकिन अगर say to का परिवर्तन सिर्फ ask में किया जाता है और said का परिवर्तन asked में किया जाता है

(2) → Inverted Commas ("...") को हटा दिया जाता है और reported speech के पहले if या whether वाक्य का प्रयोग करते हैं लेकिन If या whether का प्रयोग तभी होगा जब Interrogative sentence किसी verb से शुरु होता है

(3) → Indirect speech में Tense और pronoun आदि का परिवर्तन Assertive sentence की तरह ही किया जाता है

(1) सबसे महत्वपूर्ण ध्यान रखने योग्य बात ये है कि वाक्य के अंत में Interrogative sign (?) के स्थान पर full stop (.) का प्रयोग किया जाता है

(2) Inverted commas ("...") के स्थान पर that का प्रयोग नहीं किया जाता है लेकिन अगर Sentence की शुरुआत Question word (what/when/how/where/who ---- etc.) से हो तो that के स्थान पर उस जगह में प्रयुक्त Question word का ही प्रयोग होता है

*Interrogative Sentences के उदाहरण-*

*उसने मुझसे कहा कि क्या तुम गुस्सा हो?*

[1]→ He said to me, "Are you angry?" (Direct speech)
He asked me if / whether I was angry. (Indirect)

* मैंने सुनिधि से कहा कि तुम क्या चाहती हो? *

[2]→ I said to Sunidhi, "What do you want?" (Direct speech)
I asked Sunidhi what she wanted (Indirect speech)

* राम ने मुझसे कहा कि तुम्हारा नाम क्या है? *

[3]→ Ram said to me, "What is your name?" (Direct speech)
Ram asked me what my name was. (Indirect speech)

(3) Imperative Sentences (आज्ञावाचक वाक्य)

Imperative Sentences का प्रयोग मुख्यतः Order (आदेश), Advice (सलाह), Request (अनुरोध) Prohibition (निषेध) के अर्थ की भावना को व्यक्त करने के लिये किया जाता है

Imperative Sentences को Direct से Indirect करने के Rules

[1]→ Reporting verb को sense के अनुसार Order, command, tell, ask, Forbid, request, implore, beg, entreat, advise, remind, warn, encourage शब्दों को Indirect speech में change किया जाता है

[2]→ इन क्रियाओं के साथ Object साथ में होना चाहिये। जैसे कि He ordered to go. लेकिन यह सही नहीं होगा। इसे हमें He ordered me to go लिखना होगा। इसलिये अगर direct speech के वाक्य में आज्ञा किसे दी गयी है इसका उल्लेख नहीं भी हो तब भी हमें दिये गये वाक्य में Verb के अनुसार Object लिखना होता है।

[3]→ Direct speech में reporting verb के बाद Object रहे ना रहे, Indirect speech में reporting verb के बाद Object हमेशा दिया जाता है।

[4]→ Inverted commas ("----") को हटा कर उसके स्थान पर to या not to कर दिया जाता है।

* Imperative sentences के उदाहरण *

* शिक्षक ने छात्र से कहा एक पेन लाओ *

[1]→ The teacher said to the student "bring a pen." (Direct speech)
The teacher ordered the student to bring a pen. (Indirect speech)

* मेरे पिताजी ने प्रिया से कहा कि- चुप रहो. *

[2]→ My father said to Priya, " Keep quiet " (direct speech)
My father ordered Priya to keep quiet. (Indirect speech)

* पिता ने अपने बेटे से कहा कि- शराब मत पियो. *

[3]→ The father said to his son, " Don't drink wine" (Direct speech)
The father prohibited his son ~~to~~ from drink wine. (Indirect speech)

## Optative Sentences (प्रार्थनासूचक / प्रार्थनावाचक वाक्य)

Optative Sentences का प्रयोग Prayer (प्रार्थना), Wish (इच्छा), Blessing (आशीर्वाद), Curse (अभिशाप) आदि भावना को व्यक्त करने के लिये किया जाता है।

### Optative Sentences को direct Speech से Indirect करने के Rules

[1]→ Reporting verb में say / said को Sentence के sense के अनुसार Pray / Prayed / wish / wished / bless / blessed / curse / cursed में change किया जाता है।

[2]→ Inverted commas ("....") को हटा कर that का प्रयोग किया जाता है।

[3]→ Optative Sentence को Assertive Sentence में change कर दिया जाता है अर्थात Subject के बाद verb का प्रयोग किया जाता है।

[4]→ वाक्य के अंत में Exclamation Sign (!) को हटा कर full stop (.) का प्रयोग किया जाता है।

### * Optative Sentence के उदाहरण *

* माँ ने मुझसे कहा कि- तुम दीर्घायु रहो!

[1]→ The Mother to me, "May you live long"! (Direct Speech)
The Mother blessed me that I might live long. (Indirect)

* पिताजी ने मुझसे कहा कि- भगवान तुम्हारा भला करे!

[2]→ The father said to me, "May God bless you"!
(Direct speech)
The father wished that God might bless me.
(Indirect speech)

## (5) → Exclamatory Sentences (विस्मयादि बोधक वाक्य)

Exclamatory sentences का प्रयोग Joy (खुशी), Sorrow (दुःख) Surprise (आश्चर्य), Anger (गुस्सा), Contempt (घृणा), Applause (प्रशंसा), Regret (अफसोस) आदि भावनाओं को व्यक्त करने के लिये किया जाता है

### * Exclamatory Sentences को direct speech से indirect speech में change करने के Rules *

[1] → Reporting verb में say / says / said को sentence के sense के अनुसार से हमें वाक्य में आवश्यकतानुसार exclaimed with joy, exclaimed with sorrow, exclaimed with surprise, exclaimed with anger, exclaimed with contempt, exclaimed with applause, exclaimed with regret आदि शब्दों में परिवर्तित किया जाता है

[2] → Inverted commas ("...") को हटा कर उसके स्थान पर that का use किया जाता है

[3] → Ah! Oh! Alas! Bravo! Hurrah! आदि शब्दों को दिये गये sentence से हटा दिया जाता है

[4] → Sentence के अंत में Exclamation sign (!) को हटा कर full stop (.) का sign use करते है

[5] → कभी-कभी किसी विषय में Inverted commas के अंदर अधूरे या छोटे वाक्य होते हैं तब उस स्थिति में आवश्यकता के अनुसार हमें कोई उचित verb / Adjective / Adverb / Pronoun का प्रयोग करना पड़ सकता है जिससे कि वाक्य में अर्थ सही तरह बना रहे।

## * Exclamatory Sentences के उदाहरण। *

* सूर्या ने कहा कितना सुन्दर पेन है यह!

[1]→ Surya said, "How beautiful this pen is"!
(Direct speech)
Surya exclaimed with joy that, that was a very beautiful pen. (Indirect speech)

* प्रीति ने कहा, कितना अजीब लड़का है। वह!

[2]→ Preeti said, "What a peculiar boy he is!"
(Direct speech)
Preeti exclaimed with surprise that he was a very peculiar boy. (Indirect speech)

[3]→ Nonsense! (Direct speech)
It is nonsense. (Indirect speech).

[4]→ Enough! (Direct speech)
It is enough. (Indirect speech)

[5]→ What a fall! (Direct speech)
It is a big fall. (Indirect speech)

— End unit 46 and unit 47 —

## B.A. IInd year : English

## Unit 48 to unit 51: Questions and Auxiliary Verbs

* ये शब्द क्रिया प्रयोग प्रश्न पूछने के लिये किया जाता है *

### 1. WH Question words

* We use question words to ask certain type of questions, we often refer to these words as 'WH' words because they include the letters WH (for example WHY, HOW, etc.) *

| Question words | Function | example |
|---|---|---|
| 1. 'what' (क्या) | (i)→ asking for information about something | (i)→ what is your name? |
| | (ii)→ Asking for repition or conformation. | (ii)→ What? I can't hear you. |
| 2. What --- for (किस लिये) | * Asking for a Reason, Asking why. | * what did you do that for. |
| 3. When. (कब) | * Asking about time | * When did he leave? |
| 4. Where (कहाँ) | * Asking in or at what place or position. | * where do you live? |
| 5. which. (कौनसा) | * Asking about choice | * which colour do you like? |
| 6. who (कौन) | * Asking what or which person or people (subject | * who opened the door? |

| Question words | Function | Example |
|---|---|---|
| 7. Whom (किसको) | * Asking what or which person or people (subject) | Whom did you see? |
| 8. Whose (किसका) | * Asking about ownership | * Whose turn is this? |
| 9. Why (क्यों) | * Asking for reason, Asking what for? | * Why do you say that? |
| 10. Why don't (क्यों नहीं) | * Making a suggestion | * Why don't I help you? |
| 10. How (कैसा) | * (i) → Asking about manner | * How does this work |
| | * (ii) → Asking about condition or quality. | * How was your exam? |
| 11. How far (कितना दूर) | * Distance | * How far is Delhi from Dehradun? |
| 12. How long. (कितना (समय)) (कितना लंबा) | * Length (Time or space) | * How long will it take? |
| 13. How many (कितना / संख्या) | * Quantity (countable) | * How many cars are there? |
| 14. How much (कितना / मात्रा) | * Quantity (uncountable) | * How much sugar do you want? |
| 15. How old (कितनी उम्र / पुराना) | * Age | * How old are you? |
| 16. How come (किस लिये) | * Asking for reason, asking why? | * How come I can't see her? |

## (11) Question Tags

* किसी statement की पुष्टि (conformation) के लिये किया जाने वाला question (प्रश्न), Question tag कहलाता है

### * Some Basic Rules of question tag *

1. यदि statement (कथन) Positive (सकारात्मक) हो तो tag question Negative (नकारात्मक) बनेगा,

2. यदि statement (कथन) Negative (नकारात्मक) हो तो tag question Positive (सकारात्मक बनेगा)

Formula :- Tag question - Helping verb + Positive / Negative + Pronoun.

3. Tag question में Pronoun का उपयोग Statement (Sentence) subject के अनुसार करेंगे, Tag question में Helping verb + not को हमेशा Abbreviated form (संक्षिप्त रूप) में लिखेंगे। जिसके उदाहरण निम्नवत हैं

(i) Do not :- Don't
(ii) Does not :- Doesn't
(iii) Is not :- Isn't
(iv) Are not :- Aren't
(v) Did not :- Didn't
(vi) Was not :- Wasn't
(vii) Were not :- Weren't
(viii) Has not :- Hasn't
(ix) Have not :- Haven't
(x) Had not :- Hadn't
(xi) Shall not :- Shan't
(xii) Will not :- Won't
(xiii) Can not :- Can't
(xiv) Could not :- Couldn't
(xv) Should not :- Shouldn't
(xvi) Would not :- Wouldn't
(xvii) Must not :- ~~Mustn't~~ Mustn't
(xviii) Am not :- Amn't

4- अगर वाक्य में Helping verb नहीं दी गयी हो तथा Main verb के रूप में verb की Ist form, verb की Ist के साथ s/es का प्रयोग किया गया हो या verb की IInd form दी गयी हो तो Question tag दी गयी verb की form के आधार पर ही बनाया जायेगा।

Example: She plays cricket (Statement Sentence)
Doesn't she? (Question tag)
She plays cricket, Doesn't she?

* उपरोक्त उदाहरण में हमारे पास केवल She plays cricket वाक्य ही दिया गया था, Question tag के बाद हमने उसमें doesn't + she को जोड़कर Question tag बनाया है और कि लाल पेन से लिखा गया वाक्य है

(ii) They play cricket (Statement) Don't they? (Question tag)
(ii) They played cricket (statement) Didn't they? (Question tag)
(iii) Ram visited this place (statement) Didn't He? (Question tag)

5. अगर वाक्य helping verb नहीं हो तथा main verb के रूप में Has, have, had किया गया हो तो Question tag बनाते समय Helping verb + not के रूप में Doesn't, Don't, Didn't का प्रयोग करेंगे।

Example: I have a car, Don't I?
She has a car, Doesn't she?
They had a car, Didn't they?
They have a car, Don't they?

6. यदि वाक्य में Semi-Negative (अल्प नकारात्मक) words दिये हों तो उनका Question tag हमेशा Positive बनेगा।

* Semi Negative words

(i) Hardly
(ii) scarcely
(iii) Rarely
(iv) No
(v) Never
(vi) Seldom
(vii) Few
(viii) Little
(ix) Nobody
(x) Nothing
(xi) Noone

Examples:-

(i) Barking Dog seldom Bites, Does It?
(ii) She never loves poor man, Does she?
(iii) He Rarely likes this kind of food, Does He?

7. अगर वाक्य में child, Infant (एकवचन) दिया हो तो pronoun के रूप में It का प्रयोग करेंगे,

Example:- A child fell down from it's cradle, Didn't It?

8. यदि वाक्य में कोई Plural word (बहुवचन) children, teachers, boys आदि दिये हो तो pronoun के रूप में they का प्रयोग करेंगे,

Example:- children are crying, Aren't they?
Teachers are coming here, Aren't they?

9. Somebody, Someone, Anybody, Nobody, Everybody, Everyone Noone, None, इन जैसे indefinite pronoun का प्रयोग वाक्य में subject के रूप में किया गया हो तो Question tag के pronoun में They का प्रयोग करेंगे,

Example:- Someone is waiting for me, Aren't they?
Everybody knows me, Don't they?
Nobody has completed the project work, Haven't they?
All of us completed the project work, Didn't we?
Some of us finished this, Didn't we?

10. यदि Something, Anything, Nothing, Everything का प्रयोग Subject के रूप में हुआ हो तो Question tag बनाते समय pronoun के रूप में It का प्रयोग करेंगे,

Example! Something is here, Isn't it?
Nothing is here, Is it? (nothing, negative word है)

11. Imperative sentence (आज्ञार्थक/आज्ञा सूचक) का Question tag सामान्यतया: will you/won't you बनता है वे वाक्य जो verb of Ist form, Don't, Please, Kindely, Let से शुरू होते हैं उन्हें Imperative sentence कहते हैं

Example: Don't open the door, will you?
Please save the child, won't you?
Don't come here, will you?
Let him go now, won't you?
Let me do this work, won't you?
Please call me brother, won't you?

12. यदि Let's / Let us का प्रयोग वाक्य में Subject के रूप में हो तो Question tag में Shall we का प्रयोग हो।

Example: Let us enjoy the party, Shall we?
Let us dance together, Shall we?
Let us dig the field, shall we?
Let us make a dish, shall we?

13. Modals के question tag:

Example: I can read English, can't I?
We must follow rules, mustn't we?
She need not to go there, Need she?
Priya dare not oppose his father, Dare she?

## Auxiliary verb (सहायक क्रिया)

* An auxiliary verb is a type of verb which indicates the likelihood, ability, permission and obligations.
" किसी क्रिया का भाव, संभावना, क्षमता, अनुमति और दायित्व का बोध हो, उसे सहायक क्रिया कहते हैं।

* In English we use words such as: should, would, can, could, may, might etc. these all words are the combination of all types of auxiliary verb.
" Should, would, can, could, may, might आदि शब्द सहायक क्रियाओं के संयोजन को प्रस्तुत करते हैं।"

* Auxiliary verbs सामान्य रूप से तीन प्रकार की होती हैं।
(i) → Obligation (बाध्यता)
(ii) → Probability (संभावना)
(iii) → Condition (स्थिति)

(i) → Obligation: The meaning of obligation is to give the commitments. In english we use 'should' हिंदी में should चाहिये के रूप में प्रयुक्त होता है

Example: सीमा को कहानी पढ़नी चाहिये: Seema should read story.
राम को स्कूल जाना चाहिये: Ram should go to school.
आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये: You should take care of your health.

(ii) → Probability: Probability means the quality or state of being expected, at the certain extent likely to happen.
(संभावना का मतलब है किसी निश्चित सीमा में होने की उम्मीद की जा रही हो और कार्य की संभावना हो,
Example! वह शायद निजी तौर पर अलविदा करना चाहता था,
He probably wanted to say good-bye Privately.

(iii) → **Condition:** The condition auxilaries is used to expr[ess] an action such as possibility, condition hypothetical or a duty.

* (अधीन मनोदशा ऐसी संभावना, काल्पनिक शर्तों के रूप में कोई कार्यवाही व्यक्त करने हेतु, या कर्तव्य अथवा विचार को प्रदर्शित करना)*

Example: मैं दौड़ सकता हूँ, लेकिन मेरे पैर में दर्द है।
I can run but my leg is paining.
आप प्रबंध कर सकते हो पर कुछ समस्या है
You can manage but there is some problem.
मैं इस तरह से आपको नहीं देख सकता
I can't see you like this.

— End of Unit 48 to Unit 51 —

# Unit 52 to Unit 57

## B.A. IInd Year: English

## Unit 52 to 57 :- ing and the infinitive

### * Rule of ing *

'ing' form का प्रयोग verb के साथ किया जाता है ing का प्रयोग सामान्य रूप से present participle बनाने में और present, past व future के contineous tense और perfect contineous tense में होता है
ing क्रिया में 'रहा' शब्द का बोध करवाती है

1. :- जब किसी verb (क्रिया) के अंत वाले अक्षर से एकदम पहले कोई vowel (स्वर) अक्षर का प्रयोग हो तो अंत वाले अक्षर को double करके ing लगाते हैं

Example: Dig = Dig+ing = Digging
Run = Run+ing = Running
cut = cut+ing = cutting

2. जब किसी verb के आखिरी अक्षर के एकदम पहले एक vowel (स्वर) अक्षर हो लेकिन आखिरी अक्षर 'x', 'y', या 'w' हो तो ऊपर दिया गया नियम लागू नहीं होता, verb (क्रिया) के बाद केवल ing लगा दिया जाता है

Example: Play = Play+ing = Playing
Box = Box+ing = Boxing
Tax = Tax+ing = Taxing
Draw = Draw+ing = Drawing

3. जब किसी verb के आखिरी अक्षर से एकदम पहले एक से ज्यादा vowel (स्वर) अक्षर का प्रयोग हो तो ऐसे verb के अंत में केवल ing लगाते हैं।

Example: Lead = Lead+ing = Leading
Load = Load+ing = Loading
cheat = cheat+ing = cheating

4: जब किसी verb का आखिरी अक्षर 'E' हो तो 'E' को हटाकर 'ing' लिखा जाता है

Example:

- Write = Writeting = Writing
- Rise = Riseting = Rising
- vote = voteting = voting
- come = come ting = coming
- Leave = Leaveting = Leaving

# Be /Get used to something – Unit -60

Used to का प्रयोग ( I used to go there. ) ( I used not to go there. ) ( Used I to go there ? ) और ( Why used I to go there ? )

नीचे दिए गए वाक्यों के भाव से पता चलता है कि कर्ता को कोई खास काम करने की आदत थी. वे ऐसे हमेशा या प्राय: या बार - बार भूतकाल में करते थे.

जिस हिंदी वाक्य की क्रिया के अंत में आ करता था / आ करती थी / आ करते थे इत्यादि रहे , उस क्रिया का अनुवाद Used to में होगा.

सभी Subjects के साथ Used to का प्रयोग किया जाता हैं.

**Subject + used + to + $V^1$ + Obj.**

| Person | Singular | Plural |
|---|---|---|
| First | I used to go there.<br>मैं वहाँ जाया करता था. | We used to go there.<br>हमलोग वहाँ जाया करते थे. |

| | | |
|---|---|---|
| Pers on | | |
| Sec ond Pers on | You used to go there.<br>आप वहाँ जाया करते थे. | You used to go there .<br>आपलोग वहाँ जाया करते थे. |
| Thi rd Pers on | He / She / It / Ram us ed to go there.<br>वह / राम वहाँ जाया करता था. | They / The boys use d to go there.<br>वे लोग / लड़कें वहाँ जाया करते थे. |

नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखे:

| | |
|---|---|
| 1. मैं उससे बात किया करता था. | I used to talk to him. |
| 2. वह मुझे पत्र लिखा करती थी. | She used to write letters to me. |
| 3. वह दिल्ली जाया करता था . | He used to go to Delhi. |

| | |
|---|---|
| 4. आप शराब पीया करते थे . | **You used to drink wine.** |
| 5. हम बच्चों को प्यार किया करते थे. | **We used to love children .** |

| | |
|---|---|
| 6. हम अपने शिक्षकों का सम्मान किया करते थे. | **We used to respect our teachers.** |
| 7. वह अंग्रेजी बोला करता था. | **He used to speak English.** |
| 8. तुम उससे मिला करते थे. | **You used to meet him.** |
| 9. बच्चें क्रिकेट खेला करते थे. | **The children used to play cricket.** |
| 10. आप उसकी मदद किया करते थे. | **You used to help him.** |

# Negative Sentences

## Subject + used + not + to + $V^1$ + Obj.

| | |
|---|---|
| 1. मैं उससे बात नहीं किया<br>करता था. | I used not to talk to hi<br>m. |
| 2. वह मुझे पत्र नहीं लिखा<br>करती थी. | She used not to write let<br>ters to me. |
| 3. वह दिल्ली नहीं जाया कर<br>ता था. | He used not to go to De<br>lhi. |
| 4. आप शराब नहीं पीया कर<br>ते थे. | You used not to drink w<br>ine. |
| 5. हम बच्चों को प्यार नहीं<br>किया करते थे. | We used not to love chil<br>dren. |

| | |
|---|---|
| 6. हम अपने शिक्षकों का सम्मा<br>न नहीं किया करते थे. | We used not to respec<br>t our teachers. |

| | |
|---|---|
| 7. वह अंग्रेजी नहीं बोला करता था . | **He used not to speak English.** |
| 8. तुम उससे नहीं मिला करते थे . | **You used not to meet him.** |
| 9. बच्चें क्रिकेट नहीं खेला करते थे . | **The children used not to play cricket.** |
| 10. आप उसकी मदद नहीं किया करते थे . | **You used not to help him.** |

---

# Interogative Sentences

**Used + Subject + ( not ) + to + $V^1$ + Obj ?**

| | |
|---|---|
| 1. क्या मैं उससे बात किया करता था ? | **Used I to talk to him ?** |
| 2. क्या वह मुझे पत्र लिखा करती थी ? | **Used she to write letters to me ?** |

| | |
|---|---|
| 3. क्या वह दिल्ली जाया करता था ? | **Used he to go to Delhi ?** |
| 4. क्या आप शराब पीया करते थे ? | **Used you to drink wine ?** |
| 5. क्या हम बच्चों को प्यार किया करते थे ? | **Used we to love children ?** |

| | |
|---|---|
| 6. क्या हम अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं किया करते थे ? | **Used we not to respect our teachers ?** |
| 7. क्या वह अंग्रेजी नहीं बोला करता था ? | **Used he not to speak English ?** |
| 8. क्या तुम उससे नहीं मिला करते थे ? | **Used you not to meet him ?** |
| 9. क्या बच्चें क्रिकेट नहीं खेला करते थे ? | **Used the children not to play cricket ?** |
| 10. क्या आप उसकी मदद नहीं किया करते थे ? | **Used you not to help him ?** |

# When / Why / How Etc का प्रयोग

**When / Why / How + used + Subject + ( not ) + to + $V^1$ + Obj ?**

| | |
|---|---|
| 1. मैं उससे बात कैसे किया करता था ? | How used I to talk to hi m ? |
| 2. वह मुझे पत्र क्यों लिखा करती थी ? | Why used she to write le tters to me ? |
| 3. वह दिल्ली कब जाया कर ता था ? | When used he to go to Delhi ? |
| 4. आप शराब कब पीया कर ते थे ? | When used you to drink wine ? |
| 5. हम बच्चों को प्यार कैसे किया करते थे ? | How used we to love chi ldren ? |

6. हम अपने शिक्षकों का सम्मान क्यों नहीं किया करते थे ?

Why used we not to respect our teachers ?

7. वह अंग्रेजी कैसे नहीं बोला करता था ?

How used he not to speak English ?

8. तुम उससे क्यों नहीं मिला करते थे ?

Why used you not to meet him ?

9. बच्चें क्रिकेट कब नहीं खेला करते थे ?

When used the children not to play cricket ?

10. आप उसकी मदद कब नहीं किया करते थे ?

When used you not to help him ?

## Rules of singular and plural unit 78

**Rule 1.** कुछ Nouns के एकवचन (Singular) और बहुवचन (Plural) में सामान रूप रहते हैं ।
**Examples :** swine, deer, sheep etc.
**(a)** The sheep is grazing. (यहाँ एक भेड़ है)
**(b)** Many sheep are grazing in the park. (यहाँ कई सारी भेड़ें हैं)

**Rule 2.** यदि hundred, thousand, dozen से पहले संख्या (number) होती है, तो 's' नहीं लगाते है ।
**Examples :**
**(a)** I bought four dozen bananas.
**(b)** My mother gave me two hundred dollars.

यदि इससे पहले संख्या (number) नहीं होती है, तो Plural बनाने के लिए 's' लगाते है तथा 'of ' का प्रयोग करते है ।
**Examples :**
**(a)** Hundreds of monkeys gathered there.
**(b)** Thousands of euros were spent.

**Rule 3.** कुछ Nouns देखने में Singular लगते हैं परन्तु meaning में Plural होते हैं ।
**Examples :** police, military, public etc.
**(a)** The police have arrested the thief.
**(b)** The people of Singapore are rich.

**Rule 4.** कुछ Nouns केवल Singular में प्रयोग होते हैं उनका Plural नहीं होता हैं ।
**Examples :** hair, bread, alphabet, mischief, poetry etc.
**(a)** The old furniture was disposed of.

**(b)** Her information was wrong.
उपर्युक्त शब्दों का Plural कुछ इस तरह बनाते हैं : articles of furniture, loves of bread, pieces of information etc.

**Rule 5.** यदि Collective Noun से समूह का बोध हो, तो Singular Verb का प्रयोग करते है और यदि अलग-अलग लोगों का बोध हो, तो Plural Verb का प्रयोग करते है ।
**Examples :** Jury, Government, Committee etc.
**(a)** The committee was one on this point.
**(b)** The committee were divided on one point.

**Rule 6.** कुछ Nouns देखने में Plural लगते हैं परन्तु meaning में Singular होते हैं ।
**Examples :** Physics, news, Mathematics etc.
**(a)** Physics is an interesting subject.
**(b)** The news of his failure is not true.

**Rule 7.** कुछ Nouns केवल Plural में प्रयोग होते हैं ।
**Examples :** tongs, alms, trousers, thanks, scissors etc.
**(a)** Alms are given to the beggars.
**(b)** Her scissors were very blunt.

**Rule 8.** कुछ Nouns में बीमारियो के नाम जैसे - measles, mumps, rabies तथा खेलों के नाम जैसे - cards, darts, billiards, draughts, gymnastics, athletics etc. का प्रयोग Singular में ही होता हैं ।
**Examples :**
**(a)** Billiards is easier than snooker.
**(b)** Mumps is an infectious disease.

**Rule 9.** Abstract और Material Nouns का Plural नहीं बनता, ये Singular form में ही प्रयोग होते हैं ।
**Examples :** kindness, tin, copper, iron, wheat, milk, water, silver, gold etc.
**(a)** Wheat is grown in India in larger quantity.
**(b)** This house is made of brick and stone.

**Rule 10.** News papers, some countries और books के नाम देखने में Plural लगते हैं लेकिन meaning में Singular होते हैं ।
**Examples :**
**(a)** The New York Times has won more prizes than any other news organization.
**(b)** The United States of America has made great progress in science.
**(c)** Harry Potter and the Philosopher's Stone is a famous novel.

**Rule 11.** Means, Wages, Pains etc Nouns प्रयोग के अनुसार Singular या Plural होते हैं ।
**Examples :**
**(a)** Her wages are five hundred rupees per day.
**(b)** The wages of sin is more than death.

**Rule 12.** Word का Singular तथा Plural में प्रयोग :
**Examples :**
**Singular :** ('प्रतिज्ञा' या 'वचन' के अर्थ में )
She did not keep her word.
**Plural :** ('शब्द' के अर्थ में)
There are three words in this sentence.

**Rule 13.** Brother, cloth, fish का Plural में दो अलग-अलग

अर्थ में प्रयोग :

**Examples :**

**Brother :**

**(a)** All brothers are living in peace. (brothers - एक ही माता-पिता के पुत्र)

**(b)** We are all brethren. (brethren - एक ही समाज के सदस्य)

**Cloth:**

**(a)** There are various cloths in the shop. (Cloths - बिना सिले कपड़े या थान)

**(b)** We wear warm clothes in the winter. (Clothes - सिले हुए कपड़े या पोशाके)

**Fish:**

**(a)** I had fish in the lunch. (Fish - एक समूह में )

**(b)** There were five fishes in the pond. (Fishes - अलग-अलग रूप में)

**<u>Rule 14.</u>** कोई Noun किसी Compound word में Adjective का काम करें तो वह हमेशा Singular में प्रयोग होगी ।

**Examples :** A four-year old child, A three-mile walk, A hundred-rupee note etc.

**(a)** My father gave me a <u>hundred-rupee</u> note.

# Rules of Noun Unit 79-80

संख्या के आधार पर Noun दो प्रकार के होते है –

1. **Countable noun** – जिसे गिना जा सके Countable noun कहते है एवं इसके बाद आने वाला Verb Singular/Plural दोनों हो सकता है | जैसे Mango, students, book etc.
2. **Uncountable Noun** – जिसे गिना नहीं जा सकता Uncountable Noun कहते हैं एवं इसके बाद आने वाला Verb Singular होता है, क्योंकि Uncountable Noun को Singular माना जाता है |

## कैसे पहचानें ?

1. Noun किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान आदि का नाम होता है या जिसे हम छू सकते है देख सकते है |
2. Ending के आधार पर – यदि कोई शब्द का Ending word निम्न में से कोई हो, तो वह noun समझा जाएगा |

ment – Agreement ship – Scholarship

tion = Station th – Growht

sion – Passion er – Driver

ice – Advice or – Doctor

ness – Kindness ee – Employee

ture – Agriculture less – Careless

tude – Aptitude some – Quarrelsome

cy – Democracy ism – Nepotism

dom – Freedom ty – Nifty

ics – Ethics

- Rule – 1

कुछ शब्द हमेशा Singular होते है, उन्हें Plural बनाना संभव नही है –

ex- Poetry*, Scenery*, Machinary, Stationary, Jewellery*, Sultery, Crockery, luggage*, Baggage, Knowledge, Postage, Percentage, foolish, dust, information*, furniture*, money, music, coffee, equipment*, work, fuel, cost, evidence.

Error इस प्रकार से दिया जाता है :

(a) इन सभी शब्दों को Plural बनाकर |

(b) इन सभी शब्दों के पहले a, an का प्रयोग करके |

(c) इन सभी शब्दों के बाद Plural verb का प्रयोग करके |

(d) कभी – कभी इन सभी शब्दों के पहले several का प्रयोग किया जाता है जो कि गलत है |

निश्चित noun के पहले the का प्रयोग संभव है जब यह किसी Preposition या Adj. clause के पहले आते है |

The poetry of Tagore is immortal.

Trick –

ऐसे शब्दों पर नजर पड़ते ही आप उपरोक्त बातों पर गौर करेंगें और वाक्य के जिस भाग में नियम का उल्लंघन किया गया है, वह Part गलत माना जाएगा इन शब्दों के Plural बनाने के लिए इन शब्दों के पहले items of/articles of/kinds of/ pieces of का प्रयोग किया जाता है |

Correct – She reads Bryon’s poetry.

Incorrect- She reads Bryon’s poetries.

Correct – Advice is good.

Incorrect- Advice are good.

Correct -A piece of advice is good.

Correct -Piece of advice are good.

Incorrect- A piece of advice are good.

- Rule – 2

Adjective के पहले the का प्रयोग करने से यह Plural Noun की तरह व्यवहार करने लगता है जैसे – Poor – गरीब , The poor – गरीब लोग

Correct – The poor are honest.

Incorrect – The poors are honest.

Correct – The sick are weak.

Incorrect – The sick is weak.

Note –

ध्यान रहे ऐसे Adjective जो the लगाकर Plural Noun बनाए गए हो, न ही Singular verb का प्रयोग किया जाना चाहिए और न ही Adjective को Plural बना होना चाहिए |

- Rule – 3

कुछ noun हमेशा Plural ही होते है, इसका Singular form नहीं होता है |

जैसे – tongs, troops, tidings, binoculars, billiards, wages, works, annals, athlatics, bellows, pliers, scissors, gallows, archieves etc.

Correct – my father gave me a pair of binoculars on my birthday.

Incorrect – my father gave me a pair of binocular on my birthday.

- Rule – 4

वैसे सभी वस्तु या शरीर के अंग जिसका निर्माण (रचना) दो एकसमान हिस्सों के मिलने से हुआ है, एक भाग को अलग कर देने पर वस्तु या शरीर के अंग बेकार हो जाते है Plural समझे जाते है और Plural verb लेते है |

जैसे – Socks, Shoes, Scissors, Lungs, Kidney etc.

Incorrect – Where is my shoes ?

Correct -Where are my shoes ?

Correct -Where are my Socks ?

Note –

इन सभी शब्दों के लिए कभी भी Singular verb नही आएगा |

- Rule – 5

विषय के नाम एवं कुछ बीमारी के नाम ऐसे है, जो देखने में Plural की तरह होते है, परन्तु होते है Singular और अपने साथ Singular verb ही लेता है |

जैसे – Rickets, Measles, Mumps, Physics, Economics, Mathematics, Statistics, Ethics, Linguistics etc.

Correct – Rickets is caused due to the deficiency of Vit-D.

InCorrect – Rickets are caused due to the deficiency of Vit-D.

Note –

इन विषय एवं बीमारी के पहले Article नहीं होना चाहिए एवं इसके बाद आने वाला verb Singular हो, परन्तु इसके पहले यदि possessive adjective का प्रयोग किया गया हो, तो Verb Plural हो सकता है |

- Rule – 6

Noun+Preposition+Noun+Preposition+Noun(Repeated) इस प्रकार के Structure में सबसे पहले Preposition के पहले जैसा Subject (Singular/Plural) होगा, वैसा ही Verb (Singular/Plural) आगे आएगा |

A strong bond of friendship among school (A) / administrative staff and teacher is responsible (B) / for the negligence of many aspects of eduction (C) / No Error (D)

Explanation –

इस वाक्य में सबसे पहला Preposition भाग (A) में of है, के पहले आया हुआ 'A strong bond' वाक्य का Subject है और इसी Subject के अनुसार आगे वाक्य में पहला Verb 'is' आया है अत: वाक्य सही है |

- Rule – 7

कुछ Noun ऐसे है, जिसका Singular Meaning जो होता है, इन्हें Plural बनाने के बाद Plural तो हो जाता है, परन्तु meaning भी बदल जाता है |

जैसे –

| Singular | | Plural |
|---|---|---|
| Abuse (दुरुपयोग) | – | Abuses (कुरीतियाँ) |
| Advice (सलाह) | – | Advices(सूचनाएँ) |
| Air (हवा) | – | Airs (दिखावटी आचरण) |
| Iron (लोहा) | – | Irons (बेडी) |
| Number (संख्या) | – | Numbers (कविताएँ) |
| Pain (दर्द) | – | Pains (प्रयास) |
| Time (समय) | – | Times (काल) |
| Fruit (फल) | – | Fruits (परिणाम) |
| Way (रास्ता) | – | Ways (व्यवहार) |
| Water (पानी) | – | Waters (समुद्र) |
| Force (शक्ति) | – | Forces (सेना) |
| Wood (लकड़ी) | – | Woods (जंगल) |

- Rule – 8

यदि दो Noun एक साथ रखा गया हो और दोनों Noun's (apostrophy s) से जुड़े हो, तो आने वाला Verb, 's'के बाद वाले Noun के अनुसार Singular या Plural होगा और यदि दो Noun of से जुड़े हो, तो of के पहले Noun के अनुसार Verb Singular या Plural होगा 's' का प्रयोग सिर्फ सजीव के लिए करते है |

Correct – The table's lega are broken.

Incorrect – The table's lega is broken.

Correct -Ram's book is big and thick.

Incorrect – The book of Ram is big and thick.

अपवाद – मूल्य (Worth), वजन (weight), दूरी (Distance), समय (Time), के साथ ‘s का प्रयोग होता है |

A moment’s delay, A kilo’s weight

**Some Rules**

1. गवाह / सबूत

Witness (मानव) : Suman is a Witness of the case.

Evidence (वस्तु): The sim of mobile is an evidence of the case.

2. Work –

कार्य : कार्य के अर्थ में हमेशा Singular Verb लेता है |

रचना : जब work का अर्थ रचना हो, तो work के साथ आने वाला verb Singular / Plural दोनों हो सकता है |

3. Word –

वचन : वचन के अर्थ में verb हमेशा Singular होगा |

शब्द : इस अर्थ में आगे आने वाला Verb Singular / Plural दोनों हो सकता है |

4. Brothers : Brothers (रक्त से संबंधित भाई / सगा भाई) दोनों Plural है

Brotheren : आपसी समझौते का भाई / राह का भाई

5. Genious : एक से अधिक कुशाग्र बुध्दि वाले लोगों के लिए

Geniouses : भूत प्रेत आदि के Plural Form है

6. Wages –

मजदूरी : हमेशा Plural Verb आएगा |

दंड : हमेशा Singular Verb आएगा |

7. Issue –

शिशु /बच्चा : इस्सके साथ Singular Verb आएगा |

मुद्दा : इसके साथ Singular /Plural Verb कोई भी verb अपने Subject के अनुसार हो सकता है |

8. Force –

शक्ति : इसके साथ Singular Verb आएगा |

सेना : इसके साथ Plural Verb आएगा |

9. अविवाहित –

Bachelor : कुँवारे लड़कों के लिए |

Maid : कुँवारी लड़कियों के लिए |

10. घर –

House : इसका प्रयोग किसी भी व्यक्ति के घर के लिए होता है |

Home : इसका प्रयोग सिर्फ अपने घर के लिए होता है |

# Pronouns and Determiners Unit 81-90

## Determiners (डिटरमिनर्स) – निर्धारक

**Determiners** ऐसे शब्द होते हैं जो किसी वाक्य में संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये जाते हैं और इस बात का निर्धारण करते हैं कि किसकी बात हो रही है या फिर कितनी बात हो रही है। चूँकि यह भी संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं इसीलिए ये भी विश्लेषण कहलाते हैं।

**A Determiner is a word that is placed just before a noun to give additional information about that noun and that's why they are also classified as Adjectives.**

मान लीजिए आप कहना चाहते हैं 'यह लड़का राम है।' यहाँ पर 'लड़का' एक संज्ञा है। 'लड़का' से तुरंत पहले 'यह' का प्रयोग किया गया है। 'यह' एक **Determiner** है क्योंकि ये इस बात को निर्धारित करता है कि किस लड़के की बात हो रही है – इस लड़के की या उस लड़के की।
इस लड़के की बात हो रही है इसलिए आप 'यह लड़का' कहते हैं वरना अगर उस लड़के की बात हो रही होती तो आप 'वह लड़का' कहते।
इसी तरह,
अगर एक लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते – **A boy** अ बॉय

अगर किसी विशेष लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते – **The boy** द बॉय

अगर सभी लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते – **All the boys** ऑल द बॉइज़

अगर **5** लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते – **5 boys** फाइव बॉइज़

ऊपर दिये गये वाक्यों में **Determiners** हैं – **A, The, All, 5**

## Determiners के चार प्रकार हैं (Determiners are of four types):

1. Articles (A, An, The)
A/An – अ/ऐन
The – द या दी

आप 'Articles' चैप्टर में इनके बारे में पढ़ चुके हैं कि किसी भी संज्ञा से तुरंत पहले किस तरह और कब प्रयोग किये जाते हैं, ये भी Determiners हैं।

You've already read about Articles & its usage just before a noun, these are also known as Determiners.
2. Demonstratives (This, That, These, Those)

अंग्रेज़ी में This, That, These और Those को Demonstratives कहते हैं।

This, That, These and Those are called Demonstratives.

| | | |
|---|---|---|
| This | दिस – यह, ये | (एक व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है।) |
| That | दैट – वह, वे, वो | (एक व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है।) |
| These | दीज़ – यह, ये | (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के लिए प्रयोग होता है।) |
| Those | दोज़ – वह, वे, वो | (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के लिए प्रयोग होता है।) |

ये demonstratives दो तरह से प्रयोग में आते हैं – सर्वनाम की तरह या फिर determiners की तरह।
These demonstratives are used as – either Pronoun or Determiners.

जब किसी संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये गये हों तो ये Determiners कहलाते हैं। और जब भी बिना संज्ञा के प्रयोग किये जायें तो ये Pronouns कहलाते हैं।
If a demonstrative is followed by a noun it modifies, it's called a determiner; however, if it's not followed by a noun, it's called a pronoun.
समझने का प्रयास करिए –
Try to understand –

**This is a book.** सर्वनाम की तरह **(As a Pronoun)**
इस वाक्य में this के तुरंत बाद कोई संज्ञा नहीं है। इसलिए this एक demonstrative pronoun है।

In this sentence, 'this' is not followed by any noun, hence it's a demonstrative pronoun here.

**This book is mine. Determiner** की तरह **(As a Determiner)**
इस वाक्य में this के तुरंत बाद book का प्रयोग हुआ है जो कि एक संज्ञा है। इसलिए this एक demonstrative determiner है।

Here, 'this' is followed by 'book', which is a noun, hence it's a demonstrative determiner here.
कुछ उदाहरण (Few Examples)

| | | |
|---|---|---|
| I love this. | सर्वनाम की तरह | (As a Pronoun) (not followed by a noun) |
| This is a cute baby. | सर्वनाम की तरह | (As a Pronoun) (not followed by a noun) |
| These are my books. | सर्वनाम की तरह | (As a Pronoun) (not followed by a noun) |
| That man is my dad. Determiner | की तरह | (As a Determiner) (followed by a noun: MAN) |

| | | |
|---|---|---|
| Those people are mad. Determiner | की तरह | (As a Determiner)(followed by a noun: PEOPLE) |

3. Possessives (His, Her, Your, Our, My, Their, its)

His, Her, Your, Our, My, Their, Its को determiners कहते हैं। इन शब्दों के तुरंत बाद हमेशा एक संज्ञा होती है।

His, Her, Your, Our, My, Their, Its are known as determiners. These words are always followed by a noun.

**उदाहरण (Example):**

His friend is a teacher.

My brother will not go.

Our books are kept on the table.

Their parents were not present.

Also Read –

Greetings & Manners in English

4. Quantifiers

Quantifiers ऐसे शब्द या शब्दों का समूह होते हैं जो किसी संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये जाते हैं व संज्ञा की मात्रा (amount) के बारे में बताते हैं।

Quantifiers are Such words or group of words, which are used before a noun to indicate the amount or quantity of that noun.

1. Few थोड़ा, कुछ (जिन्हें गिना जा सकता है) जैसे कुछ लड़के, कुछ बच्चे आदि। Few boys
2. Less, Little थोड़ा, कुछ (जिन्हें गिना नहीं जा सकता) जैसे थोड़ा पानी, कुछ पैट्रोल आदि। Little water
3. Some थोड़ा, कुछ (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है और जिन्हें गिना नहीं जा सकता) Some boys/ water
4. Any कोई, कुछ (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है और जिन्हें गिना नहीं जा सकता) Any boys/water

**नोट – ‘some’ का प्रयोग प्राय: सकारात्मक वाक्यों में जबकि ‘any’ का प्रयोग प्राय: नकारात्मक वाक्यों में होता है।**

Note: ‘some’ is mostly used in positive sentences while ‘any’ is often used in negative sentences.

| | | |
|---|---|---|
| Every | हर कोई | Every person/Every book/Every boy |
| All | सभी, सब | All the friends/All the people/All the books |
| Each | प्रत्येक, हर एक | Each friend/Each book/Each boy |
| Both | दोनों | Both the friends/Both the books |
| Enough | काफी | Enough money/Enough people |
| Full | पूरा | Full glass |
| Half (1/2) | आधा | Half the glass |
| Quarter(1/4) | एक चौथाई | Quarter the glass |
| Whole | पूरा | Whole world/Whole the day |
| More | ज़्यादा (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है व जिन्हें गिना नहीं जा सकता) | More boys/water |

| | | |
|---|---|---|
| Less | कम(जिन्हें गिना नहीं जा सकता) | Less water |
| Many | कई(जिन्हें गिना जा सकता है) | Many boys |
| Much | ज़्यादा(जिन्हें गिना नहीं जा सकता है) | Much water |
| 1,2,3,4,5 etc | एक, दो, तीन, चार, पाँच आदि। | 2 friends/ 2 laptops/ 50 people etc |